उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Service Selection Commission

पत्रांक सं0 915 ... दिनांक / Date 24.10.2017

।। प्रेस विज्ञप्ति ।।

अवर अभियंता व कम्प्यूटर प्रोग्रामर–कम–ऑपरेटर पद के प्रवेश पत्र जारी

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा विज्ञापन सं0–06/16 दिनांक 21 सितम्बर, 2016 के द्वारा अवर अभियंता(विद्युत/यांत्रिकी), अवर अभियंता सिविल(जानपद), एवं अवर अभियंता(सूचना प्रौद्योगिकी) के कुल 295 पदों के लिए भर्ती विज्ञापन जारी किया गया था। इन पदों के लिए लिखित परीक्षा दिनांक 5 नवम्बर, 2017 को पूर्वाह्न 10–12 बजे के मध्य प्रथम पाली में आयोजित की गयी है. इस परीक्षा में 17219 अभ्यर्थी प्रतिभाग करेगें सभी अभ्यर्थियो के प्रवेश पत्र आयोग की वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर अपलोड कर दिये गये है अभ्यर्थी अपने–अपने प्रवेश पत्र वेबसाइट से प्राप्त कर सकते है।

कुछ अभ्यर्थियों द्वारा एक से अधिक पद कोड के लिए आवेदन कर दिया गया है, किंतु उनके नाम, पिता के नाम, में सूक्ष्म अंतर होने के कारण दो प्रवेश पत्र जारी हो सकते है ऐसे अभ्यर्थी अपने नजदीकी परीक्षा केन्द्र में स्थित किसी एक परीक्षा केन्द्र में परीक्षा में प्रतिभाग कर सकते हैं।

लगभग 15 अभ्यर्थी ऐसे है जिनके द्वारा एक से अधिक डिप्लोमा प्राप्त किये गये है तथा उन्होनें एक से अधिक आवेदन पत्र भी भरे हैं ऐसे अभ्यर्थियों को एक ही परीक्षा देने का अवसर मिलेगा ये अभ्यर्थी अपने परीक्षा विकल्प की सूचना आयोग को तत्काल उपलब्ध करा दें जिससे परीक्षा केन्द्र पर उनके लिए प्रश्न पत्रों की की व्यवस्था की जा सके।

कुछ अभ्यर्थी मैकेनिकल ट्रेड से डिप्लोमा धारक है व उनके द्वारा आवेदन पत्र भी भरे गये है, ऐसे अभ्यर्थी अवर अभियंता के इन तीनों पदों के लिए पात्र नहीं है। ये अभ्यर्थी तद्नुसार परीक्षा में प्रतिभाग करने पर विचार करें।

कम्प्यूटर प्रोग्रामर पद के लिए कुल 59 पदों के लिए परीक्षा दिनांक 5 नवम्बर, 2017 को सायं 2–4 बजे की पाली में करायी जा रही है। इस परीक्षा के लिए कुल 8425 अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र वेबसाइट www.sssc.uk.gov.in पर अपलोड कर दिये गये हैं।

कुछ अभ्यर्थी ऐसे है जिनके द्वारा कम्प्यूटर प्रोगप्रमर के साथ अवर अभियंता सूचना प्रौद्योगिकी की भी परीक्षा दी जा रही है। ऐसे अभ्यर्थियों को दोनों परीक्षाओं के लिए एक ही परीक्षा केन्द्र आवंटित किया गया है। यदि किसी अभ्यर्थी को दो अलग–अलग शहरों में परीक्षा केन्द्र आवंटित हो गये हो अथवा परीक्षा केन्द्र की दूरी अधिक हो तो वे परीक्षा केन्द्र बदलने के लिए आयोग से अनुरोध कर सकते हैं।

अवर अभियंता एवं कम्प्यूटर प्रोगामर की परीक्षा देहरादून, एवं हल्द्वानी शहरों के विभिन्न परीक्षा केन्दों में आयोजित की गयी है।